**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4223**
**29 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ**

**विषय: बांस आधारित उत्पादों हेतु मूल्य श्रृंखला विकास**

**4223. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार बांस आधारित उत्पादों के मूल्य श्रृंखला विकास के लिए कोई योजना लागू कर रही है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी योजना के तहत उद्यमियों के लिए सूक्ष्म और मध्यम संकरण केंद्र स्थापित करने के प्रावधानों की सूची क्या है; और

(ग) पुनर्गठित 'राष्ट्रीय बांस मिशन' (एनबीएम) की स्थापना के बाद से स्थापित सूक्ष्म और मध्यम इकाइयों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख): सरकार बांस उत्पादकों को बाजार (उद्योग) से जोड़ने के लिए बांस मूल्य श्रृंखला विकसित करने हेतु वर्ष 2018-19 से पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम) को कार्यान्वित कर रही है। स्कीम के तहत, उद्यमियों सहित सरकारी/निजी एजेंसियों को मूल्यवर्धन, अपशिष्ट प्रबंधन और सूक्ष्म/मध्यम प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की जाती है। एनबीएम के तहत दी गई सहायता के पैटर्न का विवरण **अनुबंध-I** में है।

(ग): अब तक, योजना की शुरुआत से सूक्ष्म/मध्यम प्रसंस्करण इकाइयों सहित 380 उत्पाद विकास और प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं।

**अनुबंध-I**

**पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत उत्पाद विकास और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रदान की गई सहायता का पैटर्न**

| **ग.** | **उत्पाद विकास और प्रसंस्करण** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **गतिविधि** | | **लागत मानदंड (रु. लाख में)** | **सब्सिडी** |
| 1. | बांस के मूल्यवर्धन के लिए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना (संख्या में) | क्रॉस कटिंग, स्लाइसिंग, स्प्लिटिंग, नॉटस रिमूविंग, शेपिंग आदि के लिए यूनिट की स्थापना। | 30 (परियोजना आधारित-पीबी) | लागत का 50% (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अतिरिक्त 10%) |
| 2. | प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों में बांस अपशिष्ट का प्रबंधन | पैलेट्स और सक्रिय कार्बन जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद बनाने के लिए। | 25(पीबी) | -वही- |
| 3. | सूक्ष्म/मध्यम प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना (संख्या में) | क) हस्तशिल्प/कुटीर उद्योग | 15(पीबी) | सरकार को लागत का 100% निजी क्षेत्र के लिए परियोजना लागत का 50% जो कि क्रेडिट लिंक्ड बैक एंडेड सब्सिडी के रूप में अधिकतम सांकेतिक लागत के अध्यधीन है (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अतिरिक्त 10%) |
| | | ख) फर्नीचर बनाना | 25 पीबी) | - वही - |
| | | ग) आभूषण बनाना | 15(पीबी) | - वही - |
| | | घ) बांस शूटस प्रसंस्करण | 20(पीबी) | - वही - |
| | | ड.) अगरबत्ती बनाना | 25(पीबी) | - वही - |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | च) कपड़ा/फाइबर निष्कर्षण | 50(पीबी) | - वही - |
| | | छ) सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) | 25(पीबी) | -वही- |
| | | ज) बांस बोर्ड/चटाई/लहरदार चादरें/फर्श टाइल बनाना | 200 (पीबी) | सरकार को लागत का 100% निजी क्षेत्र के लिए परियोजना लागत का 30% जो कि क्रेडिट लिंक्ड बैक एंडेड सब्सिडी के रूप में अधिकतम सांकेतिक लागत के अध्यधीन है (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अतिरिक्त 10%) |
| | | झ) जैव ऊर्जा निष्कर्षण | 200 (पीबी) | -वही- |
| | | ञ) सक्रिय कार्बन उत्पाद | 200 (पीबी) | -वही- |
| | | ट) एथनॉल गैसीफायर | 500(पीबी) | -वही- |

********